न्यूनतम 18 °c
अधिकतम 31 °c

**आज की अमृतवाणी**
हालात सिखा देते हैं सुनना और सहना वरना हर इंसान अपने आपमें बादशाह होता है।

50 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र

पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79)

डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा

Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

सूर्योदय : 6:20
सूर्यास्त : 5:49

वर्ष : 50/ अंक : 285 | शनिवार, 15 अक्टूबर 2022 | कार्तिक, कृष्ण पक्ष, षष्ठी, सम्वत् 2079 | मूल्य 3 रु. | पृष्ठ-4





# दिवाली पर आतिशबाजी जेब पर पड़ जायेगी भारी

▶ ग्रीन पटाखों पर पिछले साल के मुकाबले हुई 30 से 40 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी ▶ अनार, चकरी, फुलझड़ी और आसमान पर छूटने वाले पटाखों का रहेगा टोटा ▶ एनजीटी की सख्ती के चलते पटाखों की वैरायटी भी मिलेगी कम

**मुजफ्फरनगर, 14 अक्टूबर (बु.)।** दिवाली पर आतिशबाजी भी जेब पर भारी पड़ने वाली हैं, क्योंकि पिछले साल के मुकाबले ग्रीन पटाखे 30 से 40 प्रतिशत अधिक दामों पर मिलेंगे। एनजीटी की सख्ती के चलते इस बार पटाखों की वैरायटी भी कम है। खासतौर से अनार, चकरी और फूल झड़ियों का टोटा है। ऐसे ही आसमान की तरफ छोड़े जाने वाले पटाखों की वैरायटी कम हैं। ऐसे में दबे स्टॉक और लोकल बनने वाले पटाखे इस मांग को पूरा कर सकते हैं। बढ़ते प्रदूषण और एनजीटी की सख्ती के चलते दिवाली पर पटाखों के बाजार का स्वरूप पूरी तरह बदला है। ग्रीन पटाखों ने पूरी तरह परम्परागत पटाखों की जगह ले ली है। सरकार की सख्ती और पटाखों में बेरियम के प्रयोग पर रोक ने पटाखा बनाने वाली ईकाइयों को जकड़ दिया है, जिसका असर पटाखा बाजार पर साफ दिख रहा है। शहर और मण्डी में 7 पटाखों के थोक कारोबारी हैं, जबकि जिले में पटाखों के लाइसेंस धारकों की संख्या 16 के करीब हैं, जहां से पूरे जिले में पटाखों की आपूर्ति होती है। दिवाली में अभी 10 दिन का वक्त है। बुलेटिन टीम ने महंगाई के इस दौर में पटाखा बाजार की खबर ली, तो वहां के हालात भी दूसरे बाजारों से जुदा नहीं है। ग्रीन पटाखों की कीमतों में भी उछाल आया है। थोक के भावों में भी 30 से 40 प्रतिशत तक का इजाफा देखने को मिल रहा है। फुटकर में इससे ज्यादा कीमतों पर पटाखे उपलब्ध होंगे। दरअसल पटाखों में आयरन, कॉपर, सिल्वर और पेपर का इस्तेमाल होता है, जिनके दाम इन दिनों अपने उच्चतम स्तर पर हैं। दूसरा पेट्रोलियम पदार्थों में आई तेजी के कारण ट्रांस्पोर्टेशन भी महंगा हुआ है। दूसरा बड़ा कारण यह है कि एनजीटी की सख्ती और बेरियम के प्रयोग पर रोक ने पटाखा बाजार में खलबली मचा दी है। नये फॉर्मूले से कम ही कम्पनी ग्रीन पटाखे तैयार कर पाई हैं। यही कारण है कि इस पटाखा बाजार में कोई नई वैरायटी देखने को नहीं मिल रही है। आतिशबाजी में सबसे ज्यादा बच्चों द्वारा प्रयोग की जाने वाली फुलझड़ी, चक्री और अनार का टोटा है। यही नहीं आसमान में छोड़े जाने वाले रॉकेट जैसे दूसरे पटाखों की उपलब्धता भी कम ही है। आतिशबाजी के फैंसी आइटमों के अलावा 2 हजार और 5 हजार वाली लड़ियां भी उपलब्ध नहीं हैं।



## पटाखों को लेकर नये निर्देशों का इंतजार

**मुजफ्फरनगर।** दिवाली पर पटाखों की बिक्री को लेकर अभी खुद प्रशासन भी स्पष्ट नहीं है। क्या पटाखे बिक्री के लाइसेंस बनेंगे अथवा नहीं, इसको लेकर कोई गाइडलाईन जारी नहीं हुई है। वायु प्रदूषण को लेकर क्या स्थिति है, प्रशासन को अभी प्रदूषण विभाग की रिपोर्ट का इंतजार है। सिटी मजिस्ट्रेट अनूप कुमार का कहना है कि एनजीटी के आदेशों का पूरी तरह पालन किया जायेगा।

## क्या कहते हैं पटाखा कारोबारी....?

**मुजफ्फरनगर।** पटाखा कारोबारी सचिन अग्रवाल का कहना है कि एनजीटी की सख्ती के चलते कई सौ पटाखे बनाने वाली ईकाइयां बंद हो गई है। बेरियम के प्रयोग पर रोक के चलते पटाखे बनाने में अब ज्यादा समय लग रहा है। ऐसे में डिमांड के मुताबिक ईकाइयां माल तैयार नहीं कर पा रही है। यही वजह है कि पहले के मुकाबले ग्रीन पटाखों में वैरायटी कम है और परम्परागत पटाखों की उपलब्धता भी कम है। पटाखे भी महंगाई की मार से अछूते नहीं रह पाये हैं। पेपर, आयरन, कॉपर के दामों में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। दूसरे पटाखा कारोबारी मधुसूधन अग्रवाल भी इस तरह की ही बात कर रहे हैं। उनका कहना है कि सरकार की मौनेटरिंग के चलते पटाखा फैक्ट्रियां पहले की तरह ज्यादा माल नहीं तैयार कर पाई है, जिसका असर बाजार पर पड़ रहा है। दूसरा पटाखों की कीमतों में भी इजाफा हुआ है। काफी इकाईयां बंद हो गई हैं और केवल ग्रीन पटाखों पर ही बड़ी कम्पनियों का फोकस रहा है।





## पटाखों के दबे स्टॉक आतिशबाजी करने वालों को दिला सकते हैं राहत

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर भी एक समय पटाखे का बड़ा बाजार था। थानाभवन, बुढ़ाना, मीरापुर आदि इलाकों में फुलझड़ी, सुतलीबम बनते रहे हैं, जिसकी खपत दिवाली और दूसरे मौकों पर होती रही है। थानाभवन अब शामली जिले का हिस्सा हो गया है, जहां पर पटाखा बनाने वाली कई ईकाइयां संचालित हैं। यह भी कहा जा रहा है कि पटाखों का बड़ा स्टॉक तयखानों में है। यदि वो स्टॉक बाहर आ जाये तो पटाखों की कीमतों में स्वतः गिरावट आ जायेगी। फिलहाल प्रशासन पटाखों के भण्डारण को लेकर गम्भीर नहीं है। अब तक एक भी ऐसी कार्यवाही नहीं हुई है, जिससे तयखानों में छिपाकर रखे गये पटाखे बाहर आ सकें।

# बदल जाएगा कचहरी परिसर का नजारा

▶ लिफ्ट युक्त मल्टी स्टोरी भवन में होंगे तमाम कार्यालय
▶ निचले तल पर बनाई जाएगी व्यवस्थित पार्किंग साइट

▶ अधिवक्ताओं के चैंबरों को भी किया जाएगा व्यवस्थित
▶ बेहतर कैंटीन और खुले परिसर में होगा सौंदर्यीकरण

**मुजफ्फरनगर, 14 अक्टूबर (बु.)।** शहर के बीचों बीच स्थापित कचहरी परिसर को व्यवस्थित करने के लिए जिलाधिकारी की पहल पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह ने एक महत्वाकांक्षी योजना तैयार की है। इसके तहत वहां बेतरतीब फैले कार्यालयों और वकीलों के चैंबरों को व्यवस्थित करने की तैयारी है। इसके लिए वहां एक लिफ्ट मल्टी स्टोरी बिल्डिंग बनाए जाने की योजना है। व्यवस्थित पार्किंग के साथ सौंदर्यकरण भी इस योजना का हिस्सा है।

शहर के बीचों बीच स्थित कचहरी परिसर दशकों को पुरानी व्यवस्था के बीच आज जिस स्थिति में उसके बदहाल के अलावा कुछ नहीं कहा जा सकता। पहले कलेक्ट्रेट परिसर को जिलाधिकारी आवास के सामने स्थित गन्ना शोध केंद्र के परिसर में स्थानांतरित करने की योजना तैयार की गई थी, लेकिन यह योजना सिरे नहीं चढ़ पाई। अब अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह ने डीएम चंद्रभूषण सिंह के निर्देशन में एक महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट पर कार्य शुरू किया है। इसका उद्देश्य बेतरतीब कचहरी परिसर को व्यवस्थित करना और यहां बन चुकी हौचपौच जैसी व्यवस्था को सुधारना है। दशकों के अंतराल में कचहरी परिसर में कलेक्ट्रेट के सभी कार्यालय पुराने भवनों की मरम्मत कर काम किया जा रहा है। इसके अलावा पांच छह दशकों में जिस तरीके से यहां वकीलों की तादाद बढ़ी है, उससे अधिवक्ताओं के लिए वहां बैठने तक की जगह कम पड़ने लगी है। इसके अलावा हजारों की तादाद में वादकारी तथा कलेक्ट्रेट के विभिन्न कार्यालयों में काम के लिए वहां लोग पहुंचते हैं। इसके चलते वहां वाहनों के रेलमपेल भी बढ़ी है। अतिक्रमण के कारण संकरे हो चुके रास्तों पर वाहन तो क्या पैदल निकलना भी कई बार काफी दूभर हो जाता है। इसे देखते हुए कचहरी परिसर को व्यवस्थित रूप देने की तैयारी की जा रही है। अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि इस योजना के तहत कचहरी परिसर में एक बहुमंजिला भवन बनाने का प्रस्ताव है। इसमें इधर उधर फैले सभी कार्यालयों को एक स्थान पर व्यवस्थित ढंग से बनाया जा सकेगा। इस भवन में निचले हिस्से में पार्किंग होगी, ताकि वाहनों को इधर उधर खड़ा होने से रोका जा सके। मल्टी स्टोरी भवन लिफ्ट से युक्त होगा, ताकि वहां आने जाने वालों को किसी समस्या का सामना ना करना पड़े। इसके अलावा परिसर में एक व्यवस्थित कैंटीन स्थापित की जाएगी। मल्टी स्टोरी भवन बनने के बाद वहां काफी स्थान बचेगा। ऐसे में अधिवक्ताओं के लिए बेहतर ढंग से चैंबर बनाने का कार्य भी कराया जाएगा ताकि कचहरी परिसर आज की तरह भीड़ भड़क्के से मुक्त होकर काफी खुला सा लगे। खुला स्थान होगा तो वहां सुंदर फव्वारे आदि के साथ फुलवारी भी बनाई जा सकेगी। इस परियोजना का उद्देश्य जिले के इस महत्वपूर्ण स्थल को बेहतर और आकर्षक बनाना है। एडीएम प्रशासन ने बताया कि इस योजना के तहत आर्कीटेक्ट द्वारा नक्शा बनाया जा रहा है। इसके साथ ही इस भवन के निर्माण की लागत का अनुमान भी तैयार किया जाएगा। इसके बाद इस योजना को स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। योजना पर कार्य होने के बाद कचहरी परिसर का नजारा ही बदला नजर आएगा। हालांकि इसमें अभी काफी समय लग सकता है।

## अंग्रेजों के जमाने के भवन हो चुके जर्जर

मुजफ्फरनगर। शहर का कचहरी परिसर अंग्रेजों के जमाने का है। इसके तमाम भवन भी उसी समय के बने हुए हैं। इनमें अनेक भवन तो काफी जर्जर होने के बाद मरम्मत कर काम चलाया जा रहा है। डीएम कार्यालय से लेकर मुख्य कलेक्ट्रेट भवन और एडीएम कोर्ट से लेकर सिटी मजिस्ट्रेट व चकबंदी न्यायालय तक पुराने भवन में हैं। इन कार्यालयों में मरम्मत कर जैसे तैसे काम चल रहा है, लेकिन इनमें अनेक भवनों की मियाद पूरी हो चुकी है।

## कपिल देव व कुलदीप गोयल ने अखिलेश से मिल जताई संवेदना



मुजफ्फरनगर, 14 अक्टूबर (बु.)। मुजफ्फरनगर से सदर से तीसरी बार विधायक और यूपी सरकार में स्वतंत्र प्रभार मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने आज जनपद इटावा के सैफई पहुंच कर समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव के निधन पर शोक जताया। कपिलदेव अग्रवाज उनके पुत्र पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और अन्य परिजनों से मिले और शोक संवेदना प्रकट की। इस मौके पर उनके साथ शोक संवेदना प्रकट करने वालों में डॉ. देशबंधु तोमर और रोहताश पाल आदि नेता भी मौजूद रहे।

## बृजेश पाठक का काफिला हादसे का शिकार, 11 घायल

सीतापुर, 14 अक्टूबर (वार्ता)। राज्य के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक का काफिला हादसे का शिकार हो गया है। काफिले की 3 गाड़ियां आपस में टकरा गईं। जिसमें पुलिसकर्मी और स्वास्थ्यकर्मी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि 3 पुलिसकर्मी और 8 स्वास्थ्य कर्मी घायल हैं। इन सभी को अस्पताल भेजा गया है। काफिले की तीन-चार गाड़ियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हैं। मिली जानकारी के मुताबिक उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक सुरक्षित हैं। भारतीय जनता पार्टी के विधायक शशांक त्रिवेदी के काफिले की गाड़ी भी हादसे में टकराई है। एम्बुलेंस और पुलिस की गाड़ियां आपस में टकराई हैं। सबसे पहले 3 पुलिस कर्मी सहित 8 स्वास्थ्य कर्मी बुरी तरह ज़ख्मी हैं। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक का काफिला सीतापुर से लखीमपुर जा रहा था। सीतापुर के नानकारी के पास यह हादसा हुआ है। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक गोला गोरखनाथ से लखीमपुर जा रहे थे।

## डॉक्टर अनुभव सिंघल प्रकरण : पीसीपीएनडीटी के नोडल अधिकारी को हटाया गया

मुजफ्फरनगर, 14 अक्टूबर (बु.)। डॉ.अनुभव सिंघल के प्रकरण में आखिर पीसीपीएनडीटी के नोडल अधिकारी पर गाज गिर गई। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.महावीर सिंह फौजदार ने नोडल अधिकारी पद से डॉ.प्रशांत को हटा दिया है। उनके स्थान पर उपमुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.विपिन कुमार को इस पद का दायित्व सौंपा गया है।

## खतौली में 58 बीघा अवैध प्लॉटिंग पर चला बुलडोजर

**मुजफ्फरनगर, 14 अक्टूबर (बु.)।** विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र खतौली में आज प्राधिकरण का बुलडोजर जमकर चला। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर 58 बीघा भूमि पर की जा रही प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया गया। विकास प्राधिकरण के सचिव आदित्य प्रजापति के निर्देशन में प्राधिकरण की टीम ने पुलिस की मौजूदगी में खतौली क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर 58 बीघा भूमि पर बिना मानचित्र स्वीकृत कराए अवैध प्लॉटिंग करके विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर दिया गया। उक्त अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध प्राधिकरण द्वारा पूर्व में नोटिस भी जारी किए गए थे, जिसके बावजूद भी अवैध प्लाटिंग को नहीं हटाया गया। कुल 58 बीघा भूमि पर आज ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। अवैध कॉलोनी के ध्वस्तीकरण के समय प्राधिकरण के अधिशासी अभियंता विनीत अग्रवाल, अवर अभियंता योगेश कुमार शर्मा के साथ स्थानीय सुपरवाइजर तथा खतौली तहसील के लेखपाल आदि उपस्थित रहे।

### किसान ने की मुआवजे की मांग

मुजफ्फरनगर। ध्वस्तीकरण कार्रवाई के बाद सठेडी निवासी सतीश कुमार पुत्र सत्यपाल सिंह ने शिकायत करते हुए कहा कि खतौली बुढ़ाना मार्ग पर सरधन गांव के रकबे में अपने खेत पर आवारा पशुओं से फसल बचाव के लिए खेत की तीन फीट ऊंची बाउंड्री कर रखी थी जिसको आज एमडीए मुजफ्फरनगर द्वारा बिना नोटिस के मेरी दीवार को लगभग 130 फुट लंबी तोड़ दिया गया है। जिससे उसका लाखों रुपए का नुकसान हो गया है। उसने मांग की है कि उक्त एमडीए मुजफ्फरनगर के अधिकारियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई कर दीवार का उचित मुआवजा दिलवाने की कृपा करें।

## हिमाचल प्रदेश में 12 नवंबर को चुनाव

**नई दिल्ली, 14 अक्टूबर (वार्ता)।** चुनाव आयोग ने आज हिमाचल प्रदेश की चुनावी तिथियों का एलान कर दिया। राज्य में 12 नवंबर को एक चरण में मतदान होगा। इसके लिए 17 अक्तूबर को अधिसूचना जारी होगी। मतगणना आठ दिसंबर को होगी। पिछली बार नौ नवंबर 2017 को वोटिंग हुई थी और 18 दिसंबर 2017 को नतीजे आए थे। मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल आठ जनवरी 2023 को खत्म हो रहा है। इससे पहले चुनाव की सारी प्रक्रिया संपन्न हो जाएगी। आयोग ने इसी के अनुसार, अपनी तैयारी की है। हिमाचल प्रदेश में कुल 68 सीटें हैं। इनमें 17 एससी वर्ग के लिए आरक्षित हैं, जबकि तीन रळ वर्ग के लिए आरक्षित हैं। गुजरात विधानसभा चुनाव को बाद में कराने पर उठे सवाल का चुनाव आयोग ने जवाब दिया है।

## योगी ने फ्लीट रुकवाकर एंबुलेंस को दिया रास्ता


**वाराणसी, 14 अक्टूबर (वार्ता)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की शुक्रवार को वाराणसी दौरे पर मानवीय संवेदना दिखी। एक कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए निकले सीएम योगी की दरियाली दिखी। पुलिस लाइन से सारनाथ के लिए निकले मुख्यमंत्री ने पहड़िया स्थित पुराना आरटीओ चौराहे के पास फंसी एंबुलेंस को रास्ता दिलाया। एंबुलेंस में प्रसव पीड़िता थी। कमिश्नरेट पुलिस ने एंबुलेंस को स्कॉर्ट करते हुए अस्पताल तक पहुंचाया। पुलिस कमिश्नर ए. सतीश गणेश ने बताया कि मुख्यमंत्री का काफिला पुलिस लाइन से सारनाथ जा रहा था। तभी एक एंबुलेंस आती दिखी। एंबुलेंस में चौबेपुर के धरहरा गांव की प्रसूता अंजलि सिंह थी। अंजलि के पति अभिषेक सिंह ने बताया कि पुराना आरटीओ चौराहा पर सीएम काफिला आता दिखा तो लगा कि एंबुलेंस फंस जाएगी, समय पर अस्पताल नहीं पहुंच सकेंगे।


**अरिहन्त ज्वैलर्स**
भगत सिंह रोड, मु.नगर
**सोने चांदी के भाव**

| | |
|---|---|
| सोना | 51700 |
| चांदी | 58000 |
| सिक्का | 800 |
| गिन्नी | 41500 |









1973-2022

सम्पादक की कलम से

# जम्मू-कश्मीर मतदाता सूची

जम्मू-कश्मीर में मतदाता सूची संशोधन का कार्य चल रहा है। इसी बीच जम्मू प्रशासन की तरफ से जारी नये आदेश ने जिले में एक साल से रह रहे लोगों के लिए मतदाता सूची की राह आसान कर दी है। दिए गए आदेश में तहसीलदारों या राजस्व के अधिकारियों को आवास प्रमाण पत्र जारी करने के अधिकार दिए गए हैं। प्रमाण पत्र जारी करने का मकसद उन लोगों को मतदाता सूची में शामिल करना है, जो रजिस्ट्रेशन में परेशानियों का सामना कर रहे हैं। केंद्र शासित प्रदेश में नए मतदाताओं के रजिस्ट्रेशन, नाम हटाने, सुधारने और जगह छोड़कर जा चुके या गुजर चुके मतदाताओं के नाम हटाने को लेकर विशेष संशोधन प्रक्रिया चल रही है। यह भी देखा जा रहा है कि, जम्मू-कश्मीर में मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए कम रूझान है। अब तक नाम शामिल करने के लिए दावों से सम्बंधित छह लाख आवेदन पत्र ही जमा हो पाए हैं। चुनाव आयोग ने मतदाता सूची की प्रगति की समीक्षा कर इसमें तेजी लाने का सभी जिलों को निर्देश दिया है। नाम शामिल करने के लिए अंतिम तिथि 25 अक्तूबर है। यह हिदायत दी गई है कि यह हर हाल में सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र मतदाता का नाम शामिल होने से छूट न जाए। आखिर के 15 दिनों में युद्धस्तर पर बूथ स्तर तक 18 साल की आयु पूरी कर चुके युवाओं का नाम शामिल कराया जाए। हर एक जिले में विभिन्न आयु समूह के लोगों के बीच जागरूकता उत्पन्न की जाए। अब इस प्रक्रिया पर हंगामा भी हो रहा है। नये आदेश में कहा गया है कि पिछले एक साल से जो लोग जम्मू जिले में रह रहे हैं, वो मतदाता सूची में अपना नाम शामिल करवा सकते हैं। केंद्र शासित प्रदेश के 20 ज़िलों में से यह आदेश केवल जम्मू के जिला अधिकारी ने जारी किया है, जिसने सब सियासी दलों का ध्यान आकर्षित किया है। इसके बाद कश्मीर घाटी के सभी क्षेत्रीय विपक्षी दलों सहित कांग्रेस और गुलाम नबी आजाद की हाल में बनी डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी ने इसकी कड़ी आलोचना की है। पार्टियों की सख्त प्रतिक्रिया के बाद जम्मू जिला उपायुक्त अवनी लवासा ने ये आदेश वापिस ले लिया है। इससे पहले मतदाता सूची अपडेट करने पर जम्मू कश्मीर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी हृदेश कुमार सिंह के बयान के बाद कश्मीर की सियासी पार्टियां लामबंद हो गई थीं। चुनाव अधिकारी ने इस प्रक्रिया में बाहरी राज्यों के मतदाताओं को शामिल करने की बात कही थी। इसके विरोध में क्षेत्रीय दलों ने आपत्ति दर्ज करवाते हुए चुनाव आयोग के फैसले का विरोध किया था। बाद में चुनाव आयोग ने सर्वदलीय बैठक बुलाकर सभी सियासी पार्टियों की चिंता दूर करते हुए अपनी सफाई दी थी। कश्मीर घाटी के विपक्षी दलों को डर है कि अगर जम्मू-कश्मीर में 'सामान्य रूप से रहने वाले' लोग बड़ी संख्या में मतदाता सूची में जगह पा गए तो ये हमेशा के लिए इस क्षेत्र में मतदाताओं की गणितीय स्थिति को बदल देंगे। जम्मू-कश्मीर में 'सामान्य रूप से रहने वालों' की संख्या का कोई आधिकारिक आंकड़ा उपलब्ध नहीं है, लेकिन अनुमान है कि जम्मू कश्मीर में बड़ी संख्या में बाहरी राज्यों से मजदूर और प्राइवेट सेक्टर में कर्मचारी बसे हुए हैं और अगर इनमें से अधिकतर लोग यहाँ अपने मत का इस्तेमाल करना चाहेंगे, तो वे चुनावी तस्वीर बदल सकते हैं। महबूबा मुफ्ती ने इस आदेश को डोगरा संस्कृति को पहला झटका बताया है। नेशनल कांफ्रेंस का कहना है कि जम्मू-कश्मीर में 25 लाख गैर-स्थानीय मतदाताओं को जोड़ने की योजना को आगे बढ़ाया जा रहा है। महबूबा मुफ्ती ने ट्वीट में लिखा जम्मू-कश्मीर के बीच धार्मिक और क्षेत्रीय विभाजन पैदा करने के भाजपा के प्रयासों को विफल किया जाना चाहिए, क्योंकि चाहे वह कश्मीरी हों या डोगरा, हमारी पहचान और अधिकारों की रक्षा तभी सम्भव होगी, जब हम सामूहिक लड़ाई लड़ेंगे। नेशनल कांफ्रेंस ने कहा कि भाजपा चुनावों से 'डरती है और जानती है कि वह बुरी तरह हारेगी। जम्मू में कांग्रेस प्रवक्ता रविंद्र शर्मा ने कहा, ये स्थानीय मतदाताओं की शक्ति को कम करने के लिए भाजपा का गेम प्लान है। घाटी के कम्युनिस्ट नेता, सीपीएम के मोहम्मद यूसुफ तारिगामी ने इसे गैर-स्थानीय लोगों को मतदान का अधिकार देने की एक व्यापक योजना की शुरूआत बताया है। गुलाम नबी आजाद की पार्टी डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी के महासचिव राजिंदर सिंह चिब ने बताया, भाजपा को इस बात की भनक लग चुकी है कि उनके पैरों के नीचे से सियासी जमीन खिसकना शुरू हो चुकी है। यही वजह है कि भाजपा वोटर लिस्ट के साथ छेड़खानी कर रही है। इन सब बयानों के बाद बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र रैना ने कांग्रेस और पीडीपी पर निशाना साधते हुए कहा कि वे जम्मू-कश्मीर में संवैधानिक मूल्यों के विरुद्ध षड़यंत्र कर रहे हैं। बीजेपी अध्यक्ष ने कहा, यह कोई नयी बात नहीं है, यह देश का कानून है, जो 1950 में आया था और पीपुल्स रिप्रेजेंटेशन एक्ट 1951 जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को हटाने के बाद लागू हुआ था। उन्होंने आगे कहा कि जम्मू-कश्मीर में मतदाताओं के पंजीकरण के लिए जो प्रक्रिया चल रही है, वह सही है और संविधान के अनुसार है। बाहरी राज्यों के नागरिकों में बड़ी संख्या में लोग अपना वोट जम्मू-कश्मीर में बनवाना चाहते हैं, जबकि कुछ नागरिक ऐसे भी हैं, जो अपनी जन्मभूमि से दूर रहकर भी अपनी पहचान बदलना नहीं चाहते। छत्तीसगढ़ के कुछ लोग जो पिछले 33 सालों से जम्मू में रह रहे हैं, उनमें से एक का कहना है कि मैं 14 साल की उम्र में जम्मू आ गया था, मैं भी सोच रहा हूँ कि अपने परिवार के सदस्यों का वोटर लिस्ट में नाम दर्ज करा दूं, इससे मुझे जम्मू-कश्मीर सरकार से मिलने वाली सुविधाओं का फायदा मिलेगा। मध्य प्रदेश के रहने वाले लोगों में से एक का कहना है कि मैं अभी अपना नाम वोटर लिस्ट में नहीं जुड़वाना चाहता, क्योंकि मैंने अभी जम्मू में बसने का मन नहीं बनाया है। एक अन्य नागरिक कहते हैं कि उनका परिवार करीब 15 सालों से ज्यादा समय से जम्मू में रह रहा है, उनके बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र यहीं का है और वो अभी पढ़ रहे हैं, इसलिए वो भी जम्मू ही में अपना वोट दर्ज करवाना चाहते हैं। देखना यह है सियासी दलों की बात रहती है या बाहरी नागरिकों को वोट देने का अधिकार मिलता है।

## चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

"सफर" "ढंग" "मुश्किलें" "जिन्दगी"
अब तो सीधे रास्तों का भी सफर आसां नहीं,
टेढ़े मेढ़े रास्तों पर ढंग से चलना सीखिये।
मुश्किलें मिटती नहीं हैं, जिन्दगी का अंग हैं,
जिन्दगी की मुश्किलें आसान करना सीखिये।


|| राम || || राम || || राम ||

रस्म पगड़ी



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूज्य पिताजी
श्री अशोक कुमार अरोरा (PA to डीएम शामली) का
स्वर्गवास दिनांक : 12 अक्टूबर 2022, दिन बुधवार
को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।
रस्म पगड़ी आज दिनांक : 15 अक्टूबर 2022,
दिन शनिवार को समय : दोपहर 2 से 3 बजे तक,
स्थान : लक्ष्मी नारायण मंदिर, गांधी कॉलोनी,
मुजफ्फरनगर पर सम्पन्न होगी।

शोकाकुल परिवार

किरण अरोरा (पत्नी)
शुभम अरोरा-निकिता अरोरा (पुत्र-पुत्रवधु)
शिल्पी कुकरेजा-पुनीत कुकरेजा (पुत्री-दामाद)
राजकुमार अरोरा (भाई), अमित अरोरा, रवि अरोरा (भतीजे)
हितांश अरोरा (पौत्र), हरमन कुकरेजा (धेवती)

मोबाइल : 9650155103, 9358536765


# डीएम की अध्यक्षता में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक हुई आयोजित

**-अधिकारीगण विभागीय योजनाओं/कार्यों के संचालन में गुणवत्ता एवं समयबद्धता करने के लिए निर्देश**

**-50 लाख के ऊपर की परियोजना कार्यों की सत्यापन रिपोर्ट मुख्य विकास अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश**

मुजफ्फरनगर, 14 अक्टूबर (सूवि.)। डीएम चंद्रभूषण सिंह की अध्यक्षता में जनपद के विकास एवं लाभार्थीपरक योजनाओं सहित विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं में प्रगति की स्थिति एवं अन्य सम्बंधित विभागों द्वारा कराये जा रहें कार्यो में प्रगति से सम्बंधित समीक्षा बैठक विकास भवन के सभागार में सम्पन्न हुई। डीएम चंद्रभूषण सिंह ने कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा सरकार द्वारा किसानों को दिये जा रहे अनुदान/छूट खाद बीज की उपलब्धता किसान सम्मान निधि योजना, पराली जलाने का विशेष ध्यान दिया जाए और किसान गोष्ठी की जाएं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान भारत योजना के तहत बनाये जा रहे गोल्डेन कार्ड धारको को मिलने वाले स्वास्थ्य लाभों आदि के बारे में भी जागरूक किया जाए। बैठक में विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं के सापेक्ष आधार सीडिंग कराये जाने के कार्य में प्रगति आदि से सम्बंधित दिशा-निर्देश जिलाधिकारी ने सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को दिये। समीक्षा बैठक में डीएम ने विभागवार समीक्षा करते हुए जिला पूर्ति, मत्स्य पालन, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना नहरों की सफाई सहित राज्य पोषण मिशन के अन्तर्गत स्वास्थ्य एवं पोषण के विभिन्न गतिविधियों के अनुपालन हेतु गठित जिला पोषण समिति के कार्यो की गहन समीक्षा की गयी। डीएम ने कहा कि अधिकारीगण अपने विभाग से सम्बंधित विकास कार्यो, योजनाओं आदि में गुणवत्ता एवं प्रगति की समीक्षा अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ स्वयं के स्तर पर भी एक निश्चित समय अन्तराल में अवश्य करते रहें, जिससे किसी भी प्रकार के फाल्ट/अवरोध का तत्समय निस्तारण सुनिश्चित हो सके। डीएम ने समीक्षा बैठक में जल निगम, विद्युत, मनरेगा, खाद्यन्न वितरण, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, आजीविका मिशन, स्वरोजगार योजना, हर घर जल योजना, गौशालाओं का निर्माण, अमृत सरोवर तालाब, ग्राम पंचायत में बनाए गए



सचिवालय रोस्टर के हिसाब विकास खंड अधिकारी सचिवालय स्वयं जाकर देखने के निर्देश अनुपस्थित कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने के लिए निर्देश एवं अन्य कार्यो/योजनाओं की बिन्दुवार समीक्षा की गयी। डीएम ने सभी सम्बंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग से सम्बंधित कार्यो को गुणवत्तापूर्ण एवं ससमय पूर्ण कराये। डीएम द्वारा जिला ई-गवर्नेन्स की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि समस्त खंड विकास अधिकारी ग्राम पंचायत सचिवालय में तत्काल सचिवालय को जन सेवा केन्द्र की सुविधा उपलब्ध कराये, ताकि ग्रामवासियों को ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के माध्यम से शासन द्वारा संचालित आय, जाति, निवास प्रमाण के अतिरिक्त अन्य समस्त सुविधाए एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकें।

उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि समस्त ग्राम सचिवालय का सुदृढ़ीकरण वहां रोस्टर वाईज लेखपाल, ग्राम सचिव एवं खंड विकास अधिकारी बैठक कर ग्रामवासियों की समस्या का निराकरण कराये, ताकि आम जन-मानस को ब्लॉक एवं जनपद स्तर पर न आना पडें। साथ ही उन्होंने कहा कि उचित दर विक्रेताओं को भी जन सुविधा केन्द्र उपलब्ध कराये जाये, ताकि उनके द्वारा भी शासन की संचालित योजनाओं का लाभ दिलाकर आम जन मानस को लाभ दिलाया जा सके तथा उनकी आमदनी में वृद्धि हो सके।

डीएम ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत स्वंय सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किये जा रहे उत्पादों के प्रचार-प्रसार, ब्राडिंग एवं जनपद के ब्लॉक एवं नगर निकायों कार्यालय पर दिवाली पर्व के उपलक्ष्य में कैंप लगाकर उनका प्रचार प्रसार कराया जायें।

इस अवसर मुख्य विकास अधिकारी संदीप भागिया अपर जिला अधिकारी नरेंद्र बहादुर सिंह, सीएमओ महावीर सिंह फौजदार, सिटी मजिस्ट्रेट अनूप कुमार, सभी उप जिलाधिकारी जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी जिला, जिला कृषि अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी जिला स्तरीय अधिकारी व विकास खण्ड स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।



# सनशाईन क्लब द्वारा मनाया गया दीपावली का त्यौहार

मुजफ्फरनगर, 14 अक्टूबर (बु.)। नगर में करवाचैथ के बाद अब दीपावली के कार्यक्रमों की धूम होनी शुरू हो गयी है। इसी क्रम में सर्वप्रथम सनशाईन क्लब द्वारा दीपावली के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने कहा कि दीपावली पर घरों में व्यस्तता के चलते सनशाईन क्लब द्वारा शुक्रवार को ही दीपावली का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान परम्परागत वेशभूषाओं के साथ महिलाओं ने सुन्दर नृत्य एवं दीपावली की शुभकामनाएं एक-दूसरे को दी। इसी के साथ-साथ तम्बोला, रंगोली, चटपटी चाट आदि के कार्यक्रम भी रखे गये। महिलाओं ने अपनी अलग-अलग परफोरमेंस देकर जमकर वाहवाही बटोरी। इस अवसर पर रामायण पर चर्चा करते हुए



तरह-तरह के सवाल किये गये और गिफ्ट के रूप में रंगोली, दीपक आदि दिये गये। अध्यक्ष पारूल मित्तल एवं सुषमा अग्रवाल ने उक्त कार्यक्रम के आयोजन में कहा कि दीपावली, होली, करवाचैथ आदि पर सनशाईन क्लब द्वारा महिलाओं से जुड़े विभिन्न प्रकार के आयोजन किये जाते हैं। उक्त कार्यक्रमों में महिलाएं बढ़-चढ़कर भाग लेती हैं और एक-दूसरे के विचार त्यौहारों पर जानने का अवसर प्राप्त होता है। दीपावली के अवसर पर किस-किस तरह की रंगोली, दीपक आदि दीपावली से जुड़े अन्य क्या-क्या सामान बाजारों में आ रहे हैं, इसकी भी जानकारी साझा की है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सारिका, सोनिया, प्राची, पूनम, मार्शल, पूनम जैन, निति जैन, रजनी, शिखा, उपमा, निशा गुप्ता, निधि, रोषी, सुषमा अग्रवाल, सुधा, दीपा, भारती, ममता, ज्योति, सरिता, रेखा, बबीता आदि मौजूद रहे।

# शोरूम मालिक ने सोने की बाली वापस कर दिया ईमानदारी का परिचय

**-ट्राई रूम में चेंज करते समय गिर गयी थी महिला की सोने की बाली**

खतौली, 14 अक्टूबर (बु.)। करवाचैथ के पर्व पर खरीदारी करने आई विवाहिता की गुम हुई कानो की सोने की बाली दुकानदार द्वारा वापस लौटाकर यह सिद्ध कर दिया कि अभी भी ईमानदारी जिंदा है। मिली जानकारी के अनुसार करवाचैथ के पर्व पर गांव अहमदगढ़ निवासी एक विवाहिता गत दिवस रेलवे रोड स्थित अभिषेक गारमेंट शोरूम पर सिले सिलाए कपड़ों की खरीदारी करने आई थी। बताया जाता है कि विवाहिता अपने द्वारा पसंद किये गये कपड़ों को जब शोरूम के ट्राई रूम में पहनकर देख रही थी, तो इसी दौरान महिला के कानो की सोने की बाली कान से निकलकर ट्राई रूम में गिर गई। सोने की बाली ट्राई रूम में गिर जाने से अनभिज्ञ विवाहित कपड़ों की खरीदारी करके अपने घर वापस चली गई। घर जाने के बाद विवाहिता को अपने कान की बाली गुम होने की जानकारी हुई, तो विवाहिता के होश उड़ गये तथा उसके परिजनों में करवाचैथ का त्यौहार की सारी खुशियां काफूर हो गयी। परिजनों के आश्वासन के बाद किसी प्रकार बिना उत्साह के ही महिलाओं ने करवाचौथ का त्यौहार तो मनाया, परन्तु उसे अपना आभूषण गुम होने का गम सताये रहा। अगले दिन शुक्रवार को विवाहिता परिवार की महिलाओं के साथ अपने खोये आभूषण की तलाश में रेलवे रोड स्थित अभिषेक गारमेन्ट शोरूम पहुंची, तो दुकान मालिक को आभूषण के खोने के विषय में बताया। इस पर ईमानदारी का परिचय देते हुए आभूषण की पहचान करते हुए विवाहिता को उसका खोया आभूषण वापस लौटा दिया तथा दुकानदार ने साबित कर दिया कि वास्तव में ईमानदारी अभी जिंदा है। दुकानदार की ईमानदारी की महिला के परिजनों द्वारा जहां हृदय से सराहना की गयी, वहीं नगर क्षेत्र में उक्त घटना लोगों में चर्चा का विषय बनी रही।

# विधिविधान से हवन यज्ञ के साथ बॉयलर का पूजन

थानाभवन, 14 अक्टूबर (बु.)। थानाभवन बजाज शुगर मिल के नव सत्र के लिए शुक्रवार को मिल के बॉलर का हवन यज्ञ के साथ पूजन किया गया। शुक्रवार को बजाज हिन्दुस्तान शुगर मिल की थानाभवन यूनिट पर हवन-यज्ञ के पश्चात नव सत्र 2022 23 के शुभारंभ से पूर्व बॉयलर का पूजन किया गया। पंडित भट्ट के सानिध्य में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। एजीएम केन दुर्गेश सिंह तोमर ने बताया कि लगभग 28 तारीख तक मील का शुभारंभ होना संभव है, जिसकी सूचना जल्द ही मिल प्रशासन प्रेषित करेगा। एचआर हेड शिव चरण सिंह, जीएम केन अभिषेक श्रीवास्तव, एजीएम केन जितेंद्र सिंह राणा, दुर्गेश सिंह तोमर आदि मौजूद रहे।

# भोजन माताओं को नहीं मिला बीते 6 माह से वेतन, सौंपा ज्ञापन



मुजफ्फरनगर, 14 अक्टूबर (बु.)। देश की भावी पीढ़ी को प्राईमरी विद्यालयों में भोजन का स्वाद देने में महती भूमिका निभा रही भोजन माताएं अपने परिवार और बच्चों को भोजन देने में बड़ी परेशानियों से जू-1 रही हैं। ऐसे ही तमाम आरोप लगाते हुए जिले की दर्जनों महिलाओं ने डीएम कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों से अपने वेतन को दिलाए जाने की मांग की।

शुक्रवार को विभिन्न स्कूलों में भोजन माताओं के रूप में कार्य कर रही महिलाओं ने डीएम चन्द्र भूषण सिंह से मिलकर बीते छह माह से वेतन न मिलने का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई। डीएम कार्यालय पर अपनी समस्या लेकर पहुंची इन भोजन माताओं ने एक ज्ञापन के माध्यम से अधिकारियों को कहा कि हम लोग नगर क्षेत्र में उच्च प्राथमिक विद्यालय पटेल कन्या नगर क्षेत्र पटेल व कन्या विद्यालय किला में भोजन माता के पद पर कार्यरत हैं।

उनका कहना है कि हमें केवल मार्च 2022 तक का वेतन प्राप्त हुआ है, इसके बाद से आज तक कोई भी वेतन प्राप्त नहीं हुआ है। उनका आरोप है कि बीते 6 माह का वेतन बेसिक शिक्षा विभाग पर अब बकाया है।

भोजन माताओं ने बताया कि वर्तमान में वेतन न मिल पाने के कारण उनके घर की स्थिति बहुत तनावपूर्ण हो गई है। वहीं त्यौहार भी आ रहे हैं, ऐसे में उनका वेतन दिलाया जाए, ताकि परिवार में सुख-शांति बनी रहे। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि त्यौहारों के चलते उन्हें भी धन की आवश्यकता है, मगर उनकी कहीं पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने प्रशासन से आशा की है कि प्रशासन जल्द से जल्द उनकी समस्या का हल करायेगा।

# मंडलायुक्त ने निरस्त किया सफाई कर्मचारी संघ का प्रस्ताव

मुजफ्फरनगर, 14 अक्टूबर (बु.)। सहारनपुर मंडलायुक्त लोकेश कुमार ने सफाई कर्मचारी संघ के महामंत्री द्वारा रखे प्रस्ताव को निरस्त कर दिया है। उक्त मामले में मंडलायुक्त ने पालिका में आउटसोर्सिंग से काम कर रहे करीब 253 सफाई कर्मचारियों को मजदूरी बढ़ाकर भुगतान करने का प्रस्ताव रखा था। उक्त प्रस्ताव के निरस्त होने की सूचना मिलने पर नगर पालिका सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों में काफी रोष है। मंडलायुक्त के निर्णय का विरोध प्रकट करने के लिए सफाई कर्मचारी संघ महामंत्री अरविन्द मचल ने अन्य कर्मचारियों के साथ ईओ नगर पालिका के कार्यालय में पहुंचे, लेकिन उन्हें इस बीच में ईओ कार्यालय में नहीं मिले। नगर पालिका की पिछली बोर्ड बैठक में पालिका सफाई कर्मचारी संघ के महामंत्री अरविन्द मचल की ओर से सदन में रखे गए अन्य प्रस्तावों में आउटसोर्सिंग पर काम कर रहे पालिका के करीब 253 सफाई कर्मचारियों की इस बीच में मजदूरी बढ़ाकर भुगतान करने का प्रस्ताव रखा था। उन्होंने इस संबंध में अपने पत्र में मांग की थी कि पालिका में आउटसोर्सिंग पर काम कर रहे कर्मचारियों को वर्तमान में 336.85 रुपए प्रतिदिन प्रति सफाई श्रमिक की दर से इस बीच मजदूरी का भुगतान किया जा रहा है। ऐसे में शासन द्वारा 1 अप्रैल 2022 से अकुशल श्रमिकों की एक दिन की मजदूरी 366.54 रुपए प्रतिदिन प्रति श्रमिक कर किए जाने की बात करते हुए सफाई कर्मचारी संघ की ओर यह मांग की दी गई है। उन्होंने उक्त श्रमिकों को मजदूरी बढ़ाकर देने का प्रस्ताव रखा था। सहारनपुर मंडलायुक्त ने संघ की ओर से रखे इस प्रस्ताव को निरस्त कर दिया। मंडलायुक्त द्वारा नगर पालिका सफाई कर्मचारी संघ के प्रस्ताव को निरस्त होने की सूचना मिलने पर कर्मचारियों में रोष है। ऐसे में शुक्रवार को नगर पालिका सफाई कर्मचारी संघ के महामंत्री अरविन्द मचल अन्य कर्मचारियों के साथ ईओ हेमराज सिंह से मिलने के लिए उनके कार्यालय में पहुंचे। जहां पर उन्हें ईओ नहीं मिले। उन्होंने ईओ के प्रति मामले में रोष प्रकट करते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है।



# वुमेन्स पावर की अध्यक्ष व संयोजक ने बुलेटिन के रंगीन संस्करण की दी बधाई

मुजफ्फरनगर, 14 अक्टूबर (बु.)। वुमेन्स पावर की अध्यक्ष सरिता पाराशर व संयोजक एस.के. बिट्टू ने बुलेटिन कार्यालय पहुंचकर बुलेटिन के रंगीन संस्करण एवं स्वर्ण जयंती की बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने मुजफ्फरनगर बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ को पटका पहनाकर एवं राम दरबार भेंट कर सम्मानित किया एवं इस अवसर पर विभिन्न प्रकार की सामाजिक चर्चा भी की। बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ ने वुमेन्स पावर की अध्यक्ष व संयोजक का बुलेटिन कार्यालय आने पर आभार व्यक्त किया।

# दीपावली से पूर्व गन्ना भुगतान न होने पर आंदोलन की चेतावनी

मुजफ्फरनगर, 14 अक्टूबर (बु.)। आंदोलन जनकल्याण के संयोजक प्रमोद कुमार ने मोरना चीनी मिल के गन्ना भुगतान व किसानों की समस्या को लेकर शुक्रवार को गन्ना अधिकारी डॉ. आरडी द्विवेदी के साथ मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने किसानों को सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। आंदोलन जनकल्याण पार्टी के संयोजक प्रमोद कुमार ने कहा कि जनपद में चीनी मिल समय से गन्ना भुगतान नहीं कर रही है, ऐसे में अगर किसानों का शेष भुगतान नहीं हुआ तो मजबूरन आंदोलन जैसा निर्णय लेना होगा। उधर, जिला गन्ना अधिकारी डॉ. आरडी द्विवेदी ने किसानों को पूरी तरह आश्वस्त करते हुए कहा कि अक्टूबर माह के अंत तक मोरना चीनी मिल चालू हो जाएगी और उससे पहले ही गन्ना भुगतान कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मोरना चीनी मिल क्षेत्र में आने वाले गांव कसौली के किसानों की समस्या का निदान करते हुए उनका गन्ना गेट पर ही जाएगा। किसानों का कहना है कि मोरना चीनी मिल की मौजूदा 2500 टीसीडी पेराई क्षमता बहुत कम है, इसलिए क्षेत्र का काफी गन्ना दूसरी चीनी मिलों को जाता है। क्षेत्र के किसानों की मांग के अनुरूप विभाग को सरकार के स्तर पर पुरजोर पैरवी किए जाने की मांग की। इस दौरान बैठक में मुख्य रूप से तनवीर अहमद, चंद्रशेखर सिंह, प्रशांत राठी व कसौली गांव के किसान प्रदीप, अनुज, अमन, फरीद, सतवीर, शाकिर, उस्मान, मुस्तफा व अरूण कुमार आदि मौजूद रहे।





# सदर ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी में प्रधानों-शिक्षकों को दी जानकारी

**-डीबीटी, निपुण भारत मिशन, दीक्षा एप, ऑपरेशन कायाकल्प में अब आयेगी तेजी**

मुजफ्फरनगर, 14 अक्टूबर (बु.)। संसाधन केन्द्र बिलासपुर विकास क्षेत्र सदर पर ग्राम प्रधान, स्थानीय प्राधिकारी-निकाय सदस्यों और शिक्षकों की ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी सदर ध्यान चन्द्र की अध्यक्षता में किया। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि अमित चौधरी ब्लॉक प्रमुख विकास क्षेत्र सदर, विशिष्ट अतिथि के रूप में खण्ड विकास अधिकारी डॉ. नेहा शर्मा, बीएसए शुभम शुक्ला, एडीओ पंचायत सतेंद्र कुमार, डॉयट प्राचार्य प्रतिनिधि डॉ. बबीता तोमर व जिला समन्वयक रमेन्द्र कुमार मौजूद रहे। कार्यशाला में शैक्षिक सत्र के अंतर्गत बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विद्यालयों में अध्ययनरत बालक-बालिकाओं हेतु यूनीफार्म, स्वेटर, जूता-मोजे, स्कूल बैग तथा स्टेशनरी क्रय हेतु धनराशि माता, पिता, अभिभावकों के खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से प्रेषित करने, निपुर्ण भारत मिशन, दीक्षा एप एवं ऑपरेशन कायाकल्प आदि विषयों पर ग्राम प्रधान, स्थानीय प्राधिकारी जानकारी प्रदान करना तथा कार्यक्रमों एवं गतिविधियों में छात्र-छात्राओं, अभिभवाकों व समुदाय की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना था। ब्लॉक प्रमुख अमित चौधरी ने प्रधान-शिक्षकों से सरकार द्वारा संचालित समस्त योजनाओं को पात्रों तक पहुँचाने एवं उनमें छिपी प्रतिभा को ढूँढकर उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित करने तथा राष्ट्रीय के निर्माण में योगदान देने को अपनी भूमिका निभाने के लिए कहा गया। डॉ. नेहा शर्मा के द्वारा आपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत 19 पैरामीटर के बिन्दु पूर्ण कर चुके स्कूलों की सराहना की, वहीं शेष विद्यालयों में उनके स्तर से हो सकने वाले कार्यो के संबंध में आश्वासन दिया। बीएसए शुभम शुक्ला ने ग्राम प्रधानों को विद्यालय का अभिभावक के रूप में संबोधन कर उनके उन्मुखीकरण के लिए प्रेरित करते हुए सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में बताया। इस दौरान सदर खंड शिक्षा अधिकारी ध्यान चन्द्र द्वारा स्मृति चिन्ह भेट कर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. सजीव नारायण, रविन्द्र, डॉ. संजीव चौधरी, एआरपी दीपा सिघंल, संगीता रानी, संध्या रानी, नाथी राम, दिवाकर शर्मा, नीरज कुमार, निखिल कुमार, आकाशदीप, भानू कुमार, दीपक कुमार, अवन्ति गर्ग, अनस अजीम, अश्वनी, विपिन, सुधीर, मुशहिद, कलीराम व बीआरसी बिलासपुर कार्यालय स्टाफ का सहयोग रहा।


## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम ***पारूल बंसल*** से बदलकर ***पारूल गोयल*** रख लिया है। अब भविष्य में मुझे मेरे नये नाम ***पारूल गोयल*** के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

**पारूल गोयल**
*पत्नी पियूष कुमार गोयल*
निवासी : 525/1, मुनीम कॉलोनी, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र मौ. शाहनवाज गलत संगत में पड़ गया है और मेरे कहने-सुनने में नहीं है। इसलिए मैंने अपने पुत्र मौ. शाहनवाज को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मेरी सम्पत्ति में मौ. शाहनवाज का कोई हक व हिस्सा किसी प्रकार का नहीं होगा। अब मेरा व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों का कोई सम्बन्ध मतलब वास्ता किसी प्रकार का नहीं होगा। यदि मौ. शाहनवाज कोई गलत कार्य या किसी प्रकार का कोई लेनदेन करता है, तो उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा, मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**मौ. शमशाद**
*पुत्र अजीज अहमद*
निवासी : 111/3, अम्बा विहार, मुजफ्फरनगर

